लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2090

10 मार्च, 2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

चेट्टीनाड कॉटन की साड़ियां

2090. श्री आर पार्थिपन:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चेट्टीनाड कॉटन साड़ी ने हाल ही में अपने विशेष डिजाइन तथा पहचान के लिए "इंडिया हैंडलूम" का टैग जीता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह टैग "इंडिया हैंडलूम ब्रांड स्कीम" के अंतर्गत दिया गया था यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चेट्टीनाड कॉटन साड़ी के लिए कोई विशेष 'लोगो' शुरू किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इसके परिणामस्वरूप चेट्टीनाड कॉटन साड़ी से सम्बद्ध कामगारों के लाभान्वित होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग) : जी हां, चेट्टीनाड कॉटन साड़ी को इंडिया हैंडलूम ब्रांड (आईएचडी पंजीकरण संख्या टीएन/002/2015) के तहत पंजीकृत किया गया है और मैसर्स अमरार राजीव गांधी हैंडलूम वीवर्स को-आपरेटिव सोसाइटी लि., करईकुडी, जिला शिवगंगई, तमिलनाडु नामक उत्पादक को आईएचबी लोगो का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(घ) चेट्टीनाड कॉटन साड़ी का उत्पादन करने वाले कामगार उत्कृष्ट हथकरघा उत्पादों का उत्पादन करने की दृष्टि से लाभान्वित होंगे और उन्हें बढ़ी हुई मजदूरी मिलेगी।

******